भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS

# भारत इलेक्टॉनिक्स लिमिटेड
# BHARAT ELECTRONICS LIMITED
## केन्द्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला
## CENTRAL RESEARCH LABORATORY

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का नवरत्न उद्यम और रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को इसकी केन्द्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, बेंगलूरु के लिए संविदा आधार पर प्रशिक्षु राजभाषा अधिकारी (अनुवादक) के पद के लिए अनुभवी पेशेवरों की आवश्यकता है।
Bharat Electronics Limited, a Navaratna category Central Public Sector Enterprise and India's leading professional Electronics Company, under Ministry of Defence, Government of India, requires experienced professionals for the post of Trainee OL Officer (Translator) on Contract basis for its Central Research Laboratory, Bangalore.

| क्र.सं. Sl No | पद का नाम Post Name | पदों की संख्या No. of Posts | आरक्षण Reservation | दिनांक 01.12.2020 को ऊपरी आयु सीमा Upper age limit as on 01.12.2020 | दिनांक 01.12.2020 को न्यूनतम अनुभव Minimum Experience as on 01.12.2020 | तैनाती स्थान Location of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षु राजभाषा अधिकारी (अनुवादक) Trainee Official Language Officer (Translator) | 01 (एक One) | अनारक्षित-01 UR-01 | 25 वर्ष / Years | 01 वर्ष /Year | सीआरएल-बेंगलूरु CRL-Bangalore |

**आयु -** न्यूनतम 40%या उससे अधिक विकलांगता वाले पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।
**Age**: For candidates belonging to PWD category having minimum 40% disability or more will get 10 years relaxation.

**नियुक्ति की शर्तें और पारिश्रमिक /Terms of Engagement & Remuneration:**

अभ्यर्थी को आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे आवश्यकता और व्यक्तिगत कार्य-निष्पादन के आधार पर, अधिकतम तीन वर्ष (आरंभिक अवधि सहित) तक बढ़ाया जा सकता है। अभ्यर्थी को संविदा के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के लिए क्रमश रु.25,000/-, रु.28,000/- और रु.31,000/- का समेकित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।
Candidate will be engaged initially for a period of One year which may be extended upto maximum of Three years (including initial period) based on requirement and individual performance. Candidates will be paid a consolidated remuneration of Rs. 25,000/-, Rs. 28,000/-and Rs. 31,000/- for 1st, 2nd, and 3rd year of contract respectively.
उपर्युक्त के अतिरिक्त चिकित्सा बीमा प्रीमियम, पोशाक भत्ता, सिलाई शुल्क, जूता-चप्पल भत्ता आदि जैसे खर्चों के लिए प्रति वर्ष रु.10,000/- की समेकित राशि का भुगतान किया जाएगा। इस अतिरिक्त राशि का भुगतान दो किस्तों में यानी पहली किस्त का

भुगतान कार्यग्रहण के बाद पहले महीने के वेतन में किया जाएगा और दूसरी किस्त का भुगतान कार्यग्रहण की तारीख से 6 माह पूरे होने के बाद किया जाएगा।
In addition to above a consolidated amount of Rs. 10,000/- per year will be paid towards expenses like medical insurance premium, attire allowance, stitching charges, footwear allowance etc. The additional amount shall be paid in two installment i.e. first installment to be processed in the first month's salary after joining and the second installment will be paid after completion of 6 months from the date of joining.

**शैक्षणिक योग्यता /Educational Qualification**:

**आवश्यक / Essential:**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में हिंदी में मास्टर डिग्री और डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी विषय रहा हो। पी.डबल्यू.डी. अभ्यर्थियों के लिए उत्तीर्ण श्रेणी।

First class in Master degree in Hindi from a recognised University with English as a compulsory or elective subject or as medium of examination at the degree level. Pass class for PWD candidates.

**वरीय / Preferred:**

उन अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने अनुवाद पाठ्यक्रम (प्रमाण-पत्र/डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा स्तर) पूरा किया हो।
Candidates who have completed Translation course (Certificate / Diploma/ PG Diploma level) will be preferred.

अभ्यर्थियों के पास सभी वर्षों / सेमिस्टरों के अंक पत्रक और डिग्री प्रमाण-पत्र का होना आवश्यक है। (सीजीपीए श्रेणीकरण के मामले में, संबंधित दावे को सिद्ध करने का परिवर्तन प्रमाण-पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया जाएगा। परिवर्तन प्रमाण-पत्र के बिना आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा)
Candidates must possess all years/semesters mark sheets and Degree certificate. (In case of CGPA grading, Conversion certificate to substantiate the claim shall be attached with the application form. Applications without the conversion certificate will be rejected).

**अनुभव (दिनांक 01.12.2020 को)/Experience (as on 01.12.2020)**:

अभ्यर्थी को सरकारी संगठन / समाचार-पत्र / प्रिंटिंग प्रेस में अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद का न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
Candidates should have minimum 01 year of experience of English to Hindi and vice-versa translation in Government Organisation/News Paper/ Printing Press.

अधिकतम स्वीकार्य अनुभव (शैक्षणिक योग्यता के बाद का अनुभव) पर निर्णय लेने की निर्दिष्ट तारीख 01.12.2020 होगी। शैक्षणिक योग्यता के बाद के अनुभव का परिकलन करने के लिए अंतिम परीक्षा जिसमें अभ्यर्थी ने आवश्यक शैक्षणिक योग्यता अर्जित की है, के माह के तुरंत बाद के माह से शुरु करते हुए कार्य अनुभव की अवधि पर विचार किया जाएगा।

शिक्षण के अनुभव तथा / या अर्जित प्रशिक्षण को संबंधित अनुभव नहीं माना जाएगा।

The cut off date for deciding the maximum permissible experience (Post-Qualification Experience) shall be 01.12.2020. In order to compute post-qualification work experience the period of work experience starting from the month immediately succeeding the month of final examination in which candidate acquire the essential qualification shall be considered.

Teaching experience or/and training acquired will not be considered as relevant experience.

**कार्य विवरण / Job Description:**

- विभिन्न दस्तावेजों का अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद और टाइपिंग।
  Translation and typing of various documents from English to Hindi and vice-versa.
- हिंदी बैठकों और हिंदी कार्यशालाओं के आयोजन में राजभाषा अधिकारी की सहायता करना।
  To assist OL Officer in organising Hindi meetings and Hindi Workshops.
- हिंदी से संबंधित फाइलें और अभिलेख रखना।
  Maintaining files and records relating to Hindi.
- सरकारी पत्रिकाओं के विभिन्न प्रकाशनों, पुस्तकों, प्रारूपों, परिपत्रों, मैनुअलों, लेखों आदि का हिंदी और अंग्रेजी में अनुवाद करना।
  To translate various publications of official journals, books, forms, circulars, manuals, articles, etc. in Hindi and vice-versa.

**चयन प्रक्रिया / SELECTION PROCEDURE:**

शैक्षणिक योग्यता और अनुभव संबंधी पात्रता के मापदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को निम्नप्रकार से महत्ता दी जाएगी-
Candidates who meet the eligibility criteria w.r.t. qualification and experience will be allotted weightage as follows:

| मापदंड / Criteria | महत्ता / Weightage |
|---|---|
| **मापदंड-1 -**मास्टर डिग्री में प्राप्त अंकों का प्रतिशत। सीजीपीए अंकों को प्रतिशत में परिवर्तित किया जाए।<br>**Criterion 1:** Percentage of marks obtained in M.A. degree. CGPA marks to be converted to percentage of marks. | 75% अंक या 75 अंक<br>75% or 75 marks |
| **मापदंड 2 -**संबंधित कार्य अनुभव -संबंधित कार्य अनुभव (जैसा कि विज्ञापन में दिया गया है) के मूल पात्रता मापदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी को 2.5 अंक दिए जाएंगे। पूर्ण किए गए प्रत्येक 6 माह के अतिरिक्त कार्य अनुभव हेतु 1.25 अंक प्रदान किया जाएगा। इस मापदंड के तहत अधिकतम 10 अंक ही प्रदान किए जा सकेंगे।<br>**Criterion 2:** Relevant work experience: Candidates meeting basic eligibility criteria of relevant work experience (as advertised) will be awarded 2.5 marks. For every completed 6 months of additional relevant work experience, 1.25 marks will be awarded. The maximum mark in this criterion is limited to 10 marks. | 10 अंक /marks |
| लघु-सूची के अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार (**वीडियो - आधारित**)<br>Interview for shortlisted candidates **(Video Based)** | 15 अंक /marks |
| **कुल /TOTAL** | **100 अंक /marks** |

- एम.ए. में प्राप्त अंकों और संबंधित कार्य अनुभव के वर्षों की संख्या के आधार पर प्रावीण्यता सूची के अनुसार उक्त 1:5 के अनुपात में अभ्यर्थियों की लघु-सूची तैयार की जाएगी। केवल लघु-सूची के अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
  Candidates will be shortlisted in the order of merit based on marks obtained in M.A. and number of years of relevant work experience as indicated above in the ratio of 1:5. Only those candidates shortlisted will be called for the interview.
- साक्षात्कार के लिए लघु-सूची के अभ्यर्थियों के नाम कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे।
  The names of candidates shortlisted for interviews will be available on our company's website.

- साक्षात्कार के लिए लघु-सूची के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार का बुलावा-पत्र केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा।
  Candidates who have been shortlisted for the interview will receive interview call letter only by email.

- अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वे बुलावा-पत्र दिए गए अनुदेशों का पालन करें । कृपया नोट करें कि बुलावा-पत्र केवल ईमेल द्वारा भेजे जाएँगे। ।
  Candidates are comply with the instructions indicated therein. Please note that call letters will be sent through email only.

- लघु-सूची के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार (वीडियो माध्यम से) लिया जाएगा।
  Interview (Video based) will be conducted for shortlisted candidates.

- अंतिम चयन का परिणाम बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा।
  The results of the final selection will be available on BEL website.

**<u>सामान्य शर्तें / General conditions</u>:**

- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।
  Only Indian nationals need to apply.

- सामान्य / ओ.बी.सी. / ई.डबल्यू.एस. के अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन के साथ रु. 200/- का आवेदन शुल्क "सीआरएल-बेंगलूरु" के पक्ष में, बेंगलूरु में प्रदेय डीडी के रूप में संलग्न किया जाएगा। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क से छूट प्राप्त होगी।
  Application fee of Rs. 200/- by way of DD in favour "CRL-BEL" payable at Bangalore is required to be attached along with application by GEN/OBC/EWS. SC/ST, PWD candidates are exempted from payment of application fee.

- सरकारी / अर्ध-सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत अभ्यर्थी अपने आवेदन उचित माध्यम द्वारा अग्रेषित करें अथवा साक्षात्कार के समय **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करें अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
  Candidates employed in Govt./Quasi Govt. and Public Sector Undertaking are required to submit the application through proper channel or produce **'No Objection Certificate'** at the time of interview; without which such candidate will not be allowed to appear for the interview.

- ऐसे आवेदन जो अपूर्ण हों, निर्धारित प्रारूप में न हों, अपठनीय हों, वांछित अनुलग्नकों के बिना हों, उन्हें बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। किसी भी अभ्यर्थी के साथ उनके किसी भी स्तर पर चयनित न होने पर अलग से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।
  Applications that are incomplete, not in the prescribed format, not legible, without the required enclosures will be summarily rejected without assigning any reason and no correspondence in this regard will be entertained. There will be no separate communication to any candidates on their non-selection at any stage.

- उपर्युक्त रिक्ति भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की निम्नलिखित यूनिट के लिए है-
  The above opening is for the following Unit of Bharat Electronics Limited:

  केन्द्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, जालहल्ली पोस्ट, बेंगलूरु - 560 013.
  Central Research Laboratory, Bharat Electronics Ltd., Jalahalli Post, Bangalore – 560 013.

- अभ्यर्थी विज्ञापन में दिए गए पद हेतु आवेदन करें और अपनी एक वैध ई-मेल आईडी दें जो आवेदन-पत्र में दर्ज है। लघु-सूची के अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार संबंधी सूचना केवल ई-मेल द्वारा दी जाएगी। अभ्यर्थी को भेजा गया कोई भी ई-मेल यदि बाउंस होता है,तो उसके लिए सीआरएल-बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी। सभी पत्राचार केवल ई-मेल द्वारा किया जाएगा।
  Candidates are required to apply for the post as advertised and provide their one valid e-mail ID which shall be entered in the application form. Information pertaining to the Interview will be sent

to the shortlisted candidates only by e-mail. CRL-BEL will not be responsible for bouncing of any e-mail sent to the candidate. All correspondence will be done through e-mail only.

- यदि अभ्यर्थी को उपयुक्त नहीं पाया जाता है तो सीआरएल-बीईएल चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में ऐसे अभ्यर्थी को विवर्जित कर सकती है।
  CRL-BEL reserves the right to debar the candidates at any stage of selection process, if the candidature is not found suitable.

- अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र के साथ निर्धारित प्रोफार्मा (कंपनी की वेबसाइट www.bel-india.in में उपलब्ध) में वर्णित प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। किसी अन्य प्रोफार्मा या निर्धारित प्राधिकारी के अलावा किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।
  Candidates claiming to be belonging to SC/ST, OBC category are required to submit the latest certificate in the prescribed proforma (available in Company's website www.bel-india.in) issued by the prescribed authority along with the application. Certificate in any other proforma or issued by an authority other that the prescribed authority will not be accepted.

- अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी दिनांक 01.01.2020 या उसके बाद जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।
  Candidates belonging to OBC category should produce the certificate on or after 01.01.2020.

- चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित चिकित्सा उपयुक्तता मानकों के अनुसार, कंपन के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने की शर्त पर होगी। चयन के लिए रिपोर्ट करने हेतु बुलाए गए अभ्यर्थी को सिविल सर्जन / सहायक सिविल सर्जन द्वारा स्वयं की चिकित्सकीय जाँच करवानी होगी और कंपनी की आवश्यकता के अनुसार मेडिकल रिपोर्ट जमा करनी होगी।
  Appointment of the selected candidate will be subject to being found Medically Fit by the Company's medical authorities as per the medical fitness standards laid down by the Company. The candidate who is called to report on selection should get himself/herself medically examined by a Civil Surgeon/Asst. Civil Surgeon and submit the medical report as per the requirement of the Company.

- कम से कम 40 प्रतिशत व उसके उपर की संबंधित विकलांगता वाले अभ्यर्थी ही पीडब्ल्यूडी के रूप में आरक्षण और छूट के लिए पात्र होगें। पीडब्ल्यूडी के अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ निर्धारित प्रारूप में (कंपनी की वेबसाइट www.bel-india.in में उपलब्ध) मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
  Candidates with relevant disability of not less that 40 per cent only will be eligible for reservation and relaxation as PWD. PWD candidates are required to submit Disability Certificate issued by the Medical board in the prescribed format (available in Company's website www.bel-india.in) along with the application.

- चयन प्रक्रिया के सभी / किसी चरण में प्रवेश दिया जाना पूरी तरह अनंतिम होगा। अभ्यर्थी को प्रवेश-पत्र / साक्षात्कार का बुलावा-पत्र जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि सीआरएल-बीईएल द्वारा उनकी अभ्यर्थिता पर विचार कर लिया गया है। सीआरएल-बीईएल को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी कारणवश, किसी भी अभ्यर्थी को विवर्जित/अयोग्य ठहराने का अधिकार होगा। पद के लिए आवेदन करने मात्र से चयन किया गया नहीं माना जाएगा।
  The admission at all/any stage of selection process will be purely provisional. Mere issue of admit card/interview call letter to the candidate will not imply that his/her candidature has been cleared by CRL-BEL. CRL-BEL reserves the right to debar / disqualify any candidates at any stage of the selection process for any reason whatsoever. Mere applying for the post shall not be deemed as selection.

- **किसी भी तरह के पक्ष-प्रचार को अयोग्यता माना जाएगा।**
  **Canvassing in any form will result in disqualification**.

- कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदक विज्ञापन में निर्धारित सभी पात्रता मापदंडों को पूरा करते हैं। यदि आवेदक विज्ञापन में पद हेतु वर्णित पात्रता मापदंडों में से किसी को पूरा नहीं करते हैं तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। इस संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। आवेदन शुल्क जमा करने से पूर्व अभ्यर्थी सभी निर्देशों

और पात्रता मापदंडों को अवश्य ध्यान से पढ़ लें। आवेदन शुल्क का भुगतान करने के बाद उसे किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।
Please ensure that the applicant fulfils all the eligibility criteria as stipulated in the advertisement. In case applicant fails to meet any of the eligibility criteria as stated in the advertisement for the post, his/her candidature will be cancelled at any point of selection process. The decision of the management in this regard would be final. Candidate must go through all instructions and eligibility criteria carefully before remittance of Application fee. Fee once paid will not be refunded in any case/circumstances.

- अभ्यर्थी निम्नलिखित स्व-प्रमाणित दस्तावेजों की फोटोकॉपी (निम्नलिखित क्रम में एक सेट) के साथ विधिवत् भरे गए आवेदन पत्र और डिमांड ड्राफ्ट की हार्ड कॉपी डाक द्वारा इन्हें भेजें -
Candidates are required to send hard copy of the duly filled in application form & Demand Draft along with the following self-attested photocopies of the documents (one set in following mentioned sequence) by post only to:

**प्रबंधक (एच आर एंड ए),**
**केन्द्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, जालहल्ली पोस्ट, बेंगलूरु – 560 013, कर्नाटक**
**Manager (HR&A),**
**Central Research Laboratory, Bharat Electronics Limited, Jalahalli Post,**
**Bangalore – 560 013, KARNATAKA.**

उक्त पद हेतु आवेदन-पत्र उपर्युक्त पते पर दिनांक **31.12.2020** तक या उससे पहले भेजें। लिफाफे पर **"प्रशिक्षु राजभाषा अधिकारी (अनुवादक)- सी.आर.एल.-बेंगलूरु के पद हेतु आवेदन"** लिखा होना चाहिए।
The application for the same should reach to the above mentioned address latest by **31.12.2020**. Envelope shall be Superscripted with Application for the post of **"Trainee OL Officer (Translator)", CRL-BG.**

a) बीईएल की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए और विधिवत् भरे गए आवेदन-पत्र।
Duly filled in Application form, downloaded from the BEL website.
b) आयु प्रमाण के रूप में मैट्रिकुलेशन / उच्च माध्यमिक बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र/अंक पत्र।
Certificate / Marks Sheet issued by Board for Matriculation / Higher Secondary in support of proof of age.
c) शैक्षणिक योग्यता के समर्थन में सभी प्रमाण-पत्र (मैट्रिकुलेशन / दसवीं कक्षा से लेकर)।
All certificates (starting from Matriculation / Class X) in support of educational qualifications.
d) सीजीपीए/डीजीपीए/ओजीपीए के परिवर्तन का फार्मूला या अंकों की प्रतिशतता या श्रेणी और दिए गए वर्ग संबंधी पत्र जो विश्वविद्यालय / संस्थान, जो लागू हो, द्वारा विधिवत् प्रमाणित हो।
Conversion formula for conversion of CGPA/DGPA/OGPA or letter grade to percentage marks & awarded class, duly certified by the University/Institution, wherever applicable.
e) अन्य पिछड़ा वर्ग का नवीनतम प्रमाण-पत्र/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र।
Latest OBC certificate / Copy of SC/ST certificate.
f) विकलांगता प्रमाण-पत्र, यदि अभ्यर्थी पीडब्ल्यूडी वर्ग से संबंधित हो।
Disability certificate if the candidate belongs to PWD category.
g) यदि सरकारी/अर्ध-सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नियोजित हैं, तो "अनापत्ति प्रमाण-पत्र"।
No objection certificate if employed in Government / Quasi Government and Public Sector undertakings.
h) पिछले और वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र।
Experience certificate from the previous and present employer.
i) पासपोर्ट आकार की दो रंगीन फोटोग्राफ।
Two passport size colour photographs.
j) ऊपर बताई गई निर्दिष्ट राशि का डिमांड ड्राफ्ट ।
DD as per prescribed amount indicated above.
k) आधार / पैन कार्ड की प्रति।
Copy of Aadhaar/PAN card.

आवश्यक दस्तावेजों सहित विधिवत् भरे गए आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख **31.12.2020** है।
The last date for receipt of duly completed application along with required documents is **31.12.2020**.

**विशेष नोट / SPECIAL NOTE:**

इसके अलावा, कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदक विज्ञापन में निर्धारित सभी पात्रता मापदंडों (जैसे आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, संबंधित वर्ग का प्रमाण-पत्र आदि) को पूरा करते हैं। यदि आप विज्ञापन में पद हेतु वर्णित पात्रता मापदंडों में से किसी को पूरा नहीं करते हैं तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में आपकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी । इस संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। आवेदन शुल्क को वापस नहीं किया जाएगा। आवेदन शुल्क जमा करने से पूर्व अभ्यर्थी सभी निर्देशों और पात्रता मापदंडों को अवश्य ध्यान से पढ़ लें। आवेदन शुल्क का भुगतान करने के बाद उसे किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। यदि आपको विज्ञापन के संबंध में कोई स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो crlbghr@bel.co.in को ई-मेल भेजें।
Please further ensure that you fulfil all the eligibility criteria (like age, qualification, experience, category certificate, etc.) as stipulated in our advertisement. If you fail to meet any of the eligibility criteria as stated in the advertisement for the post, your candidature will be cancelled and you will not be allowed to appear for the interview. The decision of the management in this regard would be final. Application fee is non-refundable. Candidates must go through all instructions and eligibility criteria carefully before remitting Application Fee. Fee once paid will not be refunded in any case/ circumstance. In case you require any clarifications regarding the advertisement please send an e-mail to crlbghr@bel.co.in;

कृपया ध्यान दें कि संपर्क करने का अन्य कोई माध्यम जैसे टेलीफोन कॉल,पारंपरिक मेल, फैक्स आदि स्वीकार्य नहीं होगा।
Please note that no other form of communication will be entertained including telephone calls, conventional mail, fax etc.

*******